हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

1 हरी सब्जी हुई सस्ती, उपभोक्ताओं को मिली राहत



तीज व्रत के लिए मायका पहुंचीं महिलाएं, आज करूभात ...



## खबर संक्षेप

### आज से श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव की धूम

**धमतरी।** स्थानीय इतवारी बाजार गौरव रोड पथ में स्थित श्री रामदेव बाबा मंदिर परिसर में समिति की ओर से श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव कार्यक्रम 25 अगस्त से 3 सितम्बर तक रखा गया है। 25 अगस्त को प्रभातफेरी, अभिषेक, अखंड ज्योत, भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। गायक उपेन्द्र शर्मा हैदराबाद, रोहित सोनी रायपुर थे। 28 अगस्त को रामधुनी, 2 सितम्बर को हवन पूजन, आरती 56 भोग, भंडारा, प्रसादी, भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। गायिका निधि एवं विधि जैन धमतरी की प्रस्तुति होगी। 3 सितम्बर को शाम 4 बजे शोभायात्रा, शाम को 6 बजे मकई चौक में महाआरती, शाम 7: 30 बजे मंदिर में आरती होगी। इस अवसर पर प्रतिदिन मंदिर में अन्य धार्मिक कार्यक्रम, भजन, पूजन, आरती होगी। महाआरती सुबह 8 बजे, रात्रि 8 बजे दोनों समय होगी।



- तीन सितम्बर तक मंदिर परिसर में होंगे धार्मिक आयोजन

### करेली छोटी में रामधुनी गायन एवं झांकी स्पर्धा 12 से

**मगरलोड।** मातृ आस्था सेवा मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करेली छोटी में तीन दिवसीय छग स्तरीय रामधुनी गायन एवं झांकी प्रतियोगिता 12 से 15 सितंबर तक रखी गई है। कार्यक्रम की तैयारी में मातृ आस्था सेवा मंच के सदस्य जुटे हुए हैं।

### गुणसागर का सहायक संचालक उद्योग में चयन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत राजपुर निवासी बसंत सिन्हा के पुत्र गुणसागर सिन्हा का सहायक संचालक उद्योग प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) में चयन हुआ है। गुणसागर बचपन से होनहार छात्र थे। उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि सहायक संचालक उद्योग में चयन हुआ है। चयन होने पर जगतराम सिन्हा, गीताराम सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, केशव सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, नंदकुमार सिन्हा, शेखर सिन्हा, रमेश सिन्हा, सोहन, फूलजी सिन्हा, सरपंच जामबाई सिन्हा, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, विजय यदु, पुरुषोत्तम सिन्हा, रामसाय सिन्हा, मोहित ध्रुव, कन्हैया निषाद, पवन निषाद, महेन्द्र सिन्हा, टीकम डहरिया, गुहा निषाद, अश्वनी साहू ने हर्ष जताया है। यह जानकारी पूर्व उपसरपंच पूनमचंद सिन्हा ने दी है।



परियोजना के अन्य बांधों की हालत में आया सुधार

# सिंचाई के लिए 11 दिन में 4 टीएमसी पानी छूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध के लबालब होने के साथ ही परियोजना के अन्य बांधों की हालत दुरूस्त हो गई है। गर्मी में पूरी तरह से खाली हो चुके माड़मसिल्ली बांध में 70 फीसदी जल भराव हो गया है। सोंदूर बांध करीब 65 प्रतिशत भर गया है वहीं दुधावा बांध अभी आधा भरने को है। रविवार को गंगरेल पर्यटकों से गुलजार रहा। आदि शक्ति अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

सिंचाई पानी की डिमांड के बाद 13 अगस्त से गंगरेल बांध से सिंचाई के लिए पानी देना शुरू हो गया है। 11 दिन में बांध से 4.207 टीएमसी पानी मुख्य नहर से दिया जा रहा है। रविवार की स्थिति में गंगरेल बांध में पानी की आवक 6363 क्यूसेक तथा जावक 4902 क्यूसेक दर्ज की गई है। गंगरेल बांध में 91 फीसदी जल भराव के साथ 29.639 टीएमसी पानी है। कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होते ही महानदी के लिए गंगरेल बांध का मुख्य गेट खुला जाएगा।



### माड़मसिल्ली बांध में 70 फीसदी पानी

गर्मी में पूरी तरह से खाली हो चुके माड़मसिल्ली बांध में 70 फीसदी पानी जमा हो गया है। माड़मसिल्ली में 4.109 टीएमसी जल भराव है। यहां पानी की आवक 486 क्यूसेक है जबकि जावक नील है। सोंदूर बांध में 64 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। बांध में 4.680 टीएमसी पानी जमा है। यहां पानी की आवक 65 क्यूेक तथा जावक 65 क्यूसेक है। परियोजना के दूसरे बड़े बांध दुधावा में 46 फीसदी पानी है। दुधावा में 4.687 टीएमसी पानी है। दुधावा में पानी की आवक 285 तथा जावक 30 क्यूसेक हो रही है।

### दो दिन झमाझम बारिश के आसार

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अगस्त से पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। अगले 46 घंटे में उड़ीसा-पश्चिम बंगाल के तट से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। पूर्वोत्तर मध्यप्रदेश और आसपास के क्षेत्र में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने के साथ धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, गवालियर, प्रयागराज, उत्तर-पूर्व मध्यप्रदेश से होकर बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश सथानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा, मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है।

# बेटी की उम्र की युवती पर आया दिल, शक में कर दी हत्या

- फिर चला चाकू, 67 साल का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी/मगरलोड

पति के जेल जाने के बाद महिला का प्रेम संबंध अपने पिता की उम्र के व्यक्ति से बन गया। वह व्यक्ति महिला पर किसी और दूसरे व्यक्ति से संबंध होने का शक करता था। इसी शक के चलते शनिवार की रात उसने महिला को चाकू से गोदकर मार डाला।



घटना करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हसदा की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां पुष्पा मारकंडे उम्र 30 साल अपने तीन साल के बच्चे के साथ रहती थी। पुष्पा का पति एक साल से जेल में है। शनिवार की रात गांव का ही रहने वाला जगन्नाथ जांगड़े उम्र 67 साल पिता करिया जांगड़े उसके घर पहुंचा और अपने पास रखे चाकू से उसकी हत्या कर दी। हत्या की जानकारी जब पुष्पा के भाई ललेश बंजारे को हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103, ⏩ शेष पेज 10 पर

### मासूम बच्चा भुगत रहा सजा

आरोपी ने पुष्पा के तीन साल के बच्चे पर भी हमला किया है। घायल बच्चे का इलाज चल रहा है। इस घटना में सबसे ज्यादा सजा बच्चे को मिली है। उसका पिता तो पहले से जेल में बंद है। अब मां की भी मौत हो गई है। ऐसे में उसके सिर पर न तो बाप का साया है और न ही मां का आंचल। बिना किसी गलती के मासूम बच्चे को सजा मिल रही है।

## नारबोद पर पारम्परिक कुश्ती खेल का हुआ आयोजन

# रायपुर, बालोद तथा धमतरी के पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच

- नेशनल खेल में आने-जाने का खर्च उठाएंगे महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नारबोद के अवसर पर धमतरी के पहलवानों ने पारम्परिक कुश्ती खेल का आयोजन किया। खुले दंगल में महिला तथा पुरूष वर्ग से 80 पहलवानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा थे। मुख्य अतिथि ने नेशनल खिलाड़ियों को कुश्ती खेल में भाग लेने अन्य स्थान पर आने जाने के लिए टिकट खर्च देने की घोषणा की।

जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, विजय यादव ने बताया कि नारबोद के अवसर पर परम्परागत कुश्ती की कड़ी में रविवार को खुला दंगल का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर, बालोद सहित धमतरी के पहलवानों ने भाग लिया। यह कुश्ती मिट्टी के बनाए गए गोदा में खेला गया। चित-पट आधारित कुश्ती में विजेता को 300 रुपये तथा उपविजेता को 150 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। बालिका वर्ग के करीब 16 पहलवानों तथा पुरूष वर्ग से 60 से अधिक पहलवानों ने अपना-अपना दांव पेंच दिखाया।





दंगल कुश्ती में अतिथि के रूप में रिटायर्ड प्रोफेसर एकआर थिटे, सत्यवान यादव, एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर, पार्षद कुलेश सोनी, गजेंद्र कंवर, अविनाश दुबे सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### उस्तादों का हुआ सम्मान

आयोजन समिति के नुमेश यादव ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में बांसपारा, बनियापारा, गोकुलपुर, आजाद चौक, हटकेशर, भटगांव, बालोद, रायपुर के पहलवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर पहलवानों के उस्ताद भगवानसिंह यादव, लक्ष्मण रजक, कृष्णा सोनकर, संतोष साहू, बबलू यादव, विकास ठाकुर, प्रकाश यादव, अंकालु भोयर, दीपक छाटा, मेघनाथ यदु, कृष्णा साहू, लक्ष्मण साहू, विजय यादव का सम्मान किया गया।

# पुराने कबाड़ हो चुके फ्रीजर से कलेक्टोरेट में पेयजल व्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टोरेट में पुराने कबाड़ हो चुके वाटर फिल्टर और फ्रीजर से पानी पीना कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा है। मजबूरी में कर्मचारी जिला पंचायत से पानी लाते हैं। कलेक्टोरेट का पानी हाथ व बर्तन धोने में उपयोग किया जाता है। जिले के सबसे बड़े सरकारी दफ्तर कलेक्टोरेट में पेयजल की व्यवस्था कमजोर है। यहां पर सालों पुराने कबाड़ हो चुके वाटर फ्रीजर और प्यूरीफायर पानी पीने की सुविधा दी गई है। ये प्यूरीफायर और फ्रीजर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इस कारण कर्मचारी यहां के पानी को पीना पसंद नहीं करते हैं।

नाम नहीं छापने की शर्त पर कर्मचारियों ने बताया कि वे पीने के लिए घर से पानी लाते हैं या फिर जिला पंचायत से पानी भरते हैं। कलेक्टोरेट का पानी पीने योग्य नहीं है।

# मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं चाकूबाजी पर प्रभावी रोक लगाएं : अमरेश कुमार

- आईजी रायपुर रेंज ने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा ने धमतरी जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपराध की समीक्षा के साथ-साथ पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। चाकूबाजी की घटना, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस दिशा-निर्देश दिए।



आईजी श्री मिश्रा ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को पर्यवेक्षण के कार्य में तेजी एवं एप्लीकेशन ऑफ माइंड का इस्तेमाल करते हुए पुलिसिंग के कार्य में नए आयाम स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार, अवैध शराब, गांजा, मादक पदार्थों एवं नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठायेंगे। जिले में अपराध नियर कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में सभी स्तर के अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करना है। उन्होंने जिले में हो रही चाकूबाजी की घटनाओं पर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने, युवाओं में बढ़ती सूखे नशे की प्रवृत्ति पर विशेष नजर रखने तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने कहा। आगे कहा कि थाना स्तर से लेकर रेंज स्तर तक सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय और टीमवर्क को प्राथमिकता दें। पुलिस बल का हर सदस्य अनुशासन का पालन करें। सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वयं हेलमेट लगाएं और जनता को भी सड़क सुरक्षा हेतु प्रेरित करें।

देर रात तक चलने वाले होटल , ढाबे, दुकानें को समय पर बंद कराने, अड्डेबाजी के स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। गौ-तस्करी के मामलों एवं एनडीपीएस (एनडीपीएस) मामलों में वाहनों की राजसात की कार्यवाही की जाए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार समेत सभी राजपत्रित अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, सभी थाना चौकी प्रभारी व अन्य प्रभारी उपस्थित थे।

# केरेगांव परिक्षेत्र में दो हाथी कर रहे विचरण



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

24 अगस्त की सुबह लगभग 7:14 बजे धमतरी वनमंडल के केरेगांव परिक्षेत्र अंतर्गत छुही क्षेत्र में हाथियों की उपस्थिति दर्ज की गई। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो हाथियों का दल (बीबीएमई 1-जीबीएमई1) इस समय कक्ष क्रमांक 143 में देखा गया है। इस दौरान मकान व जनहानि की कोई सूचना नहीं है, किंतु जोगीडीह और छुही ग्राम के कुछ खेतों में फसल क्षति (कुल 4 खेत) दर्ज की गई है। वन विभाग ने छुही, सलोनी, साल्हेभाठ, भालूचुवा, बनबगौद, बाजार कुर्रीडीह, झुरातराई, बरबांधा, डोंगरीपारा, बगबुडा पारा, पीपरछेड़ी (दोनों पारा) और बासीखाई सहित आसपास के ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील की है।

- ग्रामीणों को किया गया सतर्क

छुही परिक्षेत्र सहायक दल के प्रभारी दीपक पटेल (आरएफओ) के नेतृत्व में टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है। सुरक्षा श्रमिकों पप्पू भुनेश्वर, हरिचंद, बली, तोरण, पांडव, नरेश व बलीराम शामिल हैं। गश्त पैदल ही की जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी ग्रामीण जंगल की ओर न जाएं, सतर्क रहें और हाथियों की मौजूदगी की सूचना तुरंत नजदीकी वनकर्मी को दें।

## अधिकांश शो रूम में स्टाक खत्म, गणेश चतुर्थी पर लेने मची होड़

# इलेक्ट्रिक स्कूटी : डिमांड इतनी कि शो रूम हुए खाली, बुकिंग पर डिलीवर हो रही गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोग अब पेट्रोल दोपहिया वाहनों को छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर डायवर्ट हो रहे हैं। स्थिति यह है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के शो रूम में गाड़ियां ही उपलब्ध नहीं हैं। अधिकांश शो रूम में कस्टमर के आर्डर पर गाड़ियां मंगाई जा रही हैं। कुछ शो रूम में गाड़ियां उपलब्ध हैं, लेकिन वहां भी कस्टमर इतने पहुंच रहे हैं कि एक दो दिन में ही स्टाक खत्म हो जा रहा है।

मोबिलिटी का पैटर्न बदलाव की ओर है। पेट्रोल की बढ़ती कीमत को देखते हुए अब लोग पेट्रोल बाइक और स्कूटी की जगह इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीद रहे हैं। दो साल के भीतर इस स्कूटी की डिमांड कई गुना बढ़ चुकी है। तीज, गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में वाहनों की डिमांड भी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि शहर के अधिकांश शो रूम की गाड़ियां बिक चुकी हैं। नया स्टाक मंगाने के कुछ ही दिनों में स्टाक भी खत्म हो जाता है। कुछ शो रूम में गाड़ियां उपलब्ध हैं, लेकिन वहां भी कस्टमरों को सलाह दी जा रही है कि जल्द ही गाड़ियों को उठा लें।

### कई और भी हैं शो रूम

पेट्रोल वाहन निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां लगती हैं। ई बाइक के लिए इतनी बड़ी फैक्ट्री की जरूरत नहीं होती है, जिसके चलते बड़ी कम्पनियां इस सेक्टर में इन्वेस्ट कर रही हैं। प्योर, जॉय, कोमोकी सहित बैटरी निर्माता कम्पनी ऑथर आदि की गाड़ियों की अच्छी डिमांड हैं। इनमें से कई कम्पनियों के इलेक्ट्रिक वाहनों के शो रूम शहर में हैं। जिन वाहनों के शो रूम शहर में नहीं हैं, वे भी ऑनलाइन बुकिंग लेकर समीपस्थ शो रूम से वाहनों की सप्लाई दे रहे हैं।



### रूचि बढ़ने का यह भी है कारण

इलेक्ट्रिक वाहन में सफर करना पेट्रोल वाहनों की अपेक्षा काफी सस्ता है। यही नहीं धुआं रहित होने के कारण ये गाड़ियां प्रदूषण भी नहीं फैलाती हैं। इन वाहनों की खरीदी पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर सब्सिडी भी मिलती है। औसतन एक गाड़ी पर केंद्र सरकार से 5 हजार और राज्य से 10 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। इन गाड़ियों के फीचर में आए दिन नए इनोवेशन भी हो रहे हैं। रोजाना सफर के लिए ये वाहन काफी उपयोगी हैं।

ज्यादातर शो रूम में बुकिंग पर गाड़ियां दी जा रही हैं। 5-10 हजार रुपए लेकर कस्टमर के नाम पर गाड़ी की बुकिंग की जा रही है। बुकिंग के 7-10 दिन में गाड़ियों की डिलीवरी दी जा रही है। यामहा, सुजुकी के इलेक्ट्रिक वाहन भी खूब बिक रहे हैं।

### यह है स्थिति

अर्जुनी स्थित बजाज शो रूम में इलेक्ट्रिक चेतक वाहन का स्टाक खत्म हो गया है। कस्टमरों को एक सप्ताह के भीतर गाड़ियां मंगाकर दी जा रही हैं। कस्टमर बुकिंग करवा रहे हैं। कायनेटिक ग्रीन में ई-लूना सहित अन्य वाहन उपलब्ध हैं, लेकिन स्कूटी का कोई भी मॉडल उपलब्ध नहीं है। यहां पर गणेश चतुर्थी पर गाड़ियों की बड़ी खेप आएगी। यहां पर कस्टमरों का नाम नम्बर नोट किया जा रहा है। गाड़ियां आने ही उन्हें सूचना दी जाएगी। टीवीएस शो रूम में आई क्यू गाड़ी उपलब्ध है, लेकिन कस्टमरों की लाइन लगी है। यहां भी कस्टमरों का नाम नम्बर नोट किया जा रहा है। उन्हें कोटेशन भी दिया जा रहा है। ओला ई स्कूटी आर्डर पर ही गाड़ियां भेजती है, वह भी आरटीओ रजिस्ट्रेशन के बाद।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### असीम राय हत्याकांड के गवाहों को धमकाने पर विकास जेल दाखिल

**कांकेर।** असीम राय हत्याकांड में शामिल विकास पाल को जमानत मिल जाने पर पखांजुर आकर गवाहों को धमका रहा था, जिसकी शिकायत पुलिस को किया गया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विकास पाल को फिर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को मृतक भाजपा नेता असीम राय की हत्या के मामले के आरोपी विकास पाल के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि विकास पाल गवाहों को अदालत में झूठी गवाही देने के लिए धमका रहा था और ऐसा न करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा था, यह कह कर कि वह उन्हें भी असीम राय के पास भेज देगा। शिकायत मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याणा ऐलीसेला के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे, एसडीओपी रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास पाल उम्र 56 वर्ष पीवी 31 हरिहरपुर निवासी को हिरासत में लिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बेटी की उम्र की युवती पर आया दिल, शक में कर दी हत्या

115(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसका प्रेम संबंध मृतिका के साथ था। वह उस पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने का शक करता था। इसी शक के चलते गुस्से में आकर उसने मृतिका की चाकू मारकर हत्या कर दी।

### पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में कार्यकर्ताओं से की चर्चा

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने 6 लोगों ने की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद को लेकर कुरूद में फिर एक बार कांग्रेस में राजनीतिक माहौल गरमाया है। अध्यक्ष बनने इस बार 6 लोगों ने अपना नाम पर्यवेक्षक संजय नेताम के समक्ष रख दावेदारी पेश की है जिसमें जिला महामंत्री एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद साहू, ब्लॉक महामंत्री महिम शुक्ला, पूर्व एल्डरमेन एवं मंडल अध्यक्ष कुरूद मनोज अग्रवाल, हितेन्द्र केला कांग्रेसी नेता एवं अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन, रामनारायण यादव पूर्व सरपंच बकली और युवा कांग्रेस महासचिव मिलन साहू शामिल हैं।

गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी में इन दिनों पूरे प्रदेश में ब्लॉक अध्यक्षों का फेरबदल जारी है। इसी के तहत कुरूद विधानसभा में भी मंडल, सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों के गठन के बाद अब कुरूद ब्लॉक के अध्यक्ष पद के लिए कवायद तेज हो गई है। शुक्रवार को पर्यवेक्षक संजय नेताम कुरूद पहुंचे। कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष पद पुनर्गठन को लेकर छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर प्रांगण में बैठक रख वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से राय-मशविरा की। बैठक में कार्यकर्ताओं से आवेदन लिया गया। पर्यवेक्षक श्री नेताम ने कार्यकर्ताओं व दावेदारों से बंद कमरे में वन टू वन चर्चा कर आवेदकों की संगठनात्मक समझ, कार्यशैली, जनसंपर्क क्षमता और पार्टी के प्रति निष्ठा की गहराई से जांच की। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर सक्रिय, जुझारू, मेहनती कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, प्रदेश सचिव तारिणी चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेशर साहू, राजकुमारी दीवान, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद तपन चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद रजत चंद्राकर, पार्षद मनीष साहू, मीडिया प्रभारी तुकेश साहू, गोकुल साहू समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जागरुकता अभियान चलाकर नाबालिगों को किया जा रहा अलर्ट

- स्कूलों में जाकर बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नाबालिगों के विरूद्ध बढ़ते अपराध को देखते हुए स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 अगस्त से शुरू हुआ है, जो एक माह तक चलेगा। शनिवार को नगरी ब्लाक के ग्राम घुरावड़ की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर महिला बाल विकास एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के मार्गदर्शन में बालिका सुरक्षा माह चलाया जा रहा है। इसके तहत 15 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के विभिन्न स्कूलों में जाकर बालिका एवं किशारों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिंग समानता, बाल विवाह, उन्मूलन, नशामुक्ति, बाल संरक्षण सुरक्षा, बच्चों के अधिकारों, बाल अपराध एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

शनिवार को नगरी ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घुरावड़ में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान चाइल्ड हेल्प लाइन परियोजना समन्वयक नीलम साहू ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 18 वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कार्य करती है। किसी बच्चे के साथ बाल यौन शोषण हो रहा हो, यदि कोई बच्चा नशापान में लिप्त है, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम कराया जा रहा हो। किसी बच्चे को आश्रय की आवश्यकता हो तो चाइल्ड लाइन उनकी मदद करती है। किसी बच्चे के माता-पिता नहीं है और देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता है तो उन्हें बालगृह में आश्रय दिया जाता है। चाईल्ड हेल्प लाइन 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क आपातकालीन फोन सेवा है। चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर अनुराग खलखो ने विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं मानव तस्करी, पॉक्सो एक्ट अधिनियम 2012 के बारे में जानकारी दी। इससे पहले शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलरगांव नगरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

# घुरावड़ के ग्रामीणों ने सांसद भोजराज को बताई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे कांकेर सांसद भोजराज नाग से ग्राम पंचायत घुरावड़ के ग्रामीणों ने मुलाकात की। उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जनपद सदस्य श्रीमती मौसमी मंडावी एवं ग्राम पंचायत घुरावड़ के सरपंच महेश कुमार नेताम ने सांसद को ग्रामीणों की प्रमुख मांगों से अवगत कराते हुए गांव के समीप स्थित केंवटीन मुड़ा नाला में पुल निर्माण की आवश्यकता तथा गोंडवाना समाज के लिए समरसता भवन तथा व्यवसायिक काम्पलेक्स भवन निर्माण की मांग की। सांसद भोजराज नाग ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि तीनों कार्यों को आगामी बजट में शामिल कर आवश्यक राशि की स्वीकृति हेतु पहल की जाएगी। इस अवसर पर डोमार नेताम, गौचंद मरकाम, रतन कोर्राम, विमल मंडावी, राजकुमार मरकाम, सुजाता मरकाम, सुरेखा नेताम, सिरंतिन जैन, गैंदी बाई नेताम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# अशोक के 'छत्तीसगढ़ के माटी' कविता संकलन का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड




राजभाषा आयोग द्वारा कार्यालय का स्थापना दिवस रायपुर के न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में मनाया गया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर, विशिष्ट अतिथि सुनील सोनी विधायक रायपुर दक्षिण, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर, अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, विवेक आचार्य संचालक संस्कृति अउ राजभाषा शामिल थे।

कार्यालय स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित 10 छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों के किताबों का विमोचन अतिथियों ने किया जिसमें अशोक पटेल आशु की भी पुस्तक छत्तीसगढ़ के माटी कविता संकलन का विमोचन हुआ। आशु का यह 7वां संकलन है जिसमें 4 हिंदी की किताबें और 3 छत्तीसगढ़ी संकलन की किताबें शामिल है।

श्री आशु मगरलोड ब्लॉक में व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। इनकी पुस्तक का विमोचन होने पर अंचल के साहित्यकार राजेश चौहान, राजकुमार निषाद, श्यामसुंदर साहू, त्रिभुवन साहू, लक्ष्मीनारायन सेन, महेन्द्र साहू, कन्हैया साहू, टिकेश्वर सिन्हा, भोलाराम सिन्हा, तारचंद जायसवाल, सुरेश मानिकपुरी, प्रमेश दीप मानिकपुरी, अशोक यादव, कालेश्वर साहू, चंद्रकान्त खुंटे, राजेंद्र पात्रे, डोरेलाल केंवट, कोमल पटेल, बलराम पटेल, कृष्णा पटेल, नवधाराम पटेल, कान्ति पटेल, चक्रधर कुम्भकार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# जोरातराई अं में पोला पर्व पर हुआ खेलकूद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम जोरातराई अं में धूमधाम से पोला त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर बैल दौड़, बच्चों की दौड़, साइकिल रेस, गोला फेंक, महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू, रामस्वरूप साहू, धनसिंह साहू, ईश्वर निषाद, प्रकाश निषाद, नन्दकुमार साहू, मनोहर साहू, गोविन्द सिंह राजपूत, रोहित वैष्णव, मुकेश साहू, संतोष साहू, देवनारायण साहू, बालमुकुंद साहू, सुंदर साहू, बनवाली निर्मलकर, लक्ष्मण पाल, सन्तु साहू, हरिशचंद तारक, टेकराम निर्मलकर, नन्दलाल साहू, घनश्याम यादव, गजनू तारक, अश्विन साहू, दमोदर साहू, रामजी तारक उपस्थित थे।

# ओवरलोड वाहन तोड़ रहे ग्रामीण सड़कें, राहगीर हो रहे परेशान

- मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, राहगीर हो रहे दुर्घनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



ब्लाक मुख्यालय कुरुद से मंदरौद होकर जाने वाली सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई है। समतल से ज्यादा गड्ढों और ओवरलोड गाड़ियों के दबाव से सड़क जगह-जगह धंस चुकी है। प्रशासन की उदासीनता और सड़क पर बढ़ते भारी वाहनों के दबाव ने स्थानीय निवासियों के जीवन को मुश्किल बना दिया है। यह सड़क न केवल जोखिम पैदा कर रही है, बल्कि हर दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रही है।

मामले की शिकायत करते हुए मंदरौद के ग्रामीण थानुराम साहू, अरुण साहू, कल्याण पटेल, किशन सोनकर, कीर्तन सोनकर गजेन्द्र आदि ने बताया कि उनके गांव में जिस स्थान पर सड़क पर गहरे गड्ढे हैं, वे गांव के चौराहा मुख्य स्थान है। साथ ही यहीं पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल भी है। यह मार्ग अब खस्ताहाल हो चुका है। सड़क पर गहरे गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और ओवरलोड गाड़ियों के दबाव ने इसे असुरक्षित बना दिया है। हर दिन इस मार्ग से गुजरने वालों को दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। विशेषकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे इस रास्ते से गुजरने में डरते हैं, क्योंकि दुर्घटनाओं के कारण यह मार्ग खतरनाक बन चुका है। पैदल चलने वालों को भी गिरने और चोटिल होने का डर सताता है।

# सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को शाल श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

भामाशाह साहू सदभाव समिति नवापारा राजिम द्वारा सैनिक सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह गायत्री मंदिर नवापारा राजिम में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती ओमकुमारी साहू अध्यक्ष नगरपालिका नवापारा थी। अध्यक्षता दयालुराम गाड़ा सांसद प्रतिनिधि ने की। विशेष अतिथि दिपेश जायसवाल थाना प्रभारी नवापारा थे। कार्यक्रम में सैनिकों को प्रतिक चिन्ह, शाल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान करेली बड़ी निवासी सुखीराम साहू सेनि प्रधानपाठक को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सुखीराम साहू ने समारोह को सम्बोधित कर हास्य व्यंग्य की कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सोनसायटी एवं आभार प्रदर्शन मोहनलाल ने किया।

# कार्यकर्ताओं की बदौलत पंचायत से लेकर देश में हमारी सत्ता है : आलोक

- भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का पुरूर में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)



भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का चारामा प्रवास के दौरान ग्राम पुरूर में कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया।

इस दौरान श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर ही पंचायत से लेकर देश व प्रदेश में सत्ता में है और सत्ता में आने के बाद हरेक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ी है कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजनता तक पहुंचाएं। पार्टी में एक एक कार्यकर्ता का महत्व होता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार बनने के बाद हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहा है। कृषि में आधुनिकता का समावेश होना भी आवश्यक है। किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने तथा उनकी हर अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार कर रही है।

पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, त्रिलोकी साहू, संतोष गंगबेर, लीलाराम गंगबेर, जिपं सभापति तेजराम साहू, अशोक साहू, मीना साहू, कृष्णा साहू, सुरेन्द्र तिवारी, राकेश सिन्हा, यदीप साहू, आदित्य पिपरे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया।

### भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत

# साय के नेतृत्व में प्रदेश के किसान खुशहाल हैं : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का प्रथम कुरुद आगमन पर नगर सहित क्षेत्र के भाजपाइयों ने फूलमाला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के बाद श्री ठाकुर ने भाजपा कार्यालय में एक दूसरे से परिचय प्राप्त कर संगठनात्मक चर्चा की।

रविवार को अपने बस्तर प्रवास के चलते सुबह 11 बजे कुरुद पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार में किसानों की आय दोगुनी करने जो भी योजनाएं चलाई जा रही है, वह जमीन पर दिखनी शुरू हो चुकी है। धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश के किसान कृषि में नवाचार अपनाकर शासन की योजनाओं का आगे बढ़कर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस दिशा में और भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कुरुद को नगर पालिका का दर्जा मिलने व क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व में हो रहे नित नये विकास कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता निरंजन सिन्हा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरि सोनवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व जिपं अध्यक्ष रघुनंदन साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, प्रभात बैस, भोजराज चंद्राकर, भोजराम साहू, मोहन अग्रवाल, प्रेमचंद साहू, भारत भूषण पंचायन, थानेश्वर तारक, दीनबंधु चंद्राकर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिविर में रक्त, बीपी, शुगर की हुई जांच

### छग के रजत जयंती वर्ष पर महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरी परियोजना द्वारा ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में रक्त जांच, बीपी, शुगर, सर्दी-खांसी, बुखार आदि की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। इसके साथ ही बाल मेला एवं रेडी-टू-ईट व्यंजन प्रदर्शन ने कार्यक्रम की आकर्षकता को और बढ़ाया।सांस्कृतिक मंच पर रंगोली प्रतियोगिता, गोदभराई, अन्नप्राशन तथा महतारी वंदन योजना से जुड़ी हितग्राहियों द्वारा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के अतिथि जनपद अध्यक्ष शिवकुमार परिहार, कुकरेल मंडल अध्यक्ष जावेद मेमन उपसरपंच ननकूदास मानिकपुरी, नटवर नेताम, राजकुमार यादव, सुदामा महिलांगे, दिलीप नेताम, प्रदीप नेताम, बालीराम यादव, सुरेश कुमार ध्रुव थे। स्वागत उद्बोधन चेमीन साहू, हेमिन बंजारे ने किया। ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर मेहतरीन कुर्रे, नर्मदा सोम, हेमिन बंजारे, चेमीन साहू, अनीता साहू पुष्पा मोहिते, लता केसरी, निशा भोतेकर, श्रीमती पार्वती भंडारी सहित सहायिकाओं का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### निजी स्कूलों एवं नर्सिंग कालेजों में मनमानी फीस पर रोक की मांग

**बीजापुर।** जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने बयान जारी कर जानकारी दी है कि 11 अगस्त को जनाधिकार सामाजिक कल्याण संघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह जी के अगुआई में प्रदेश के निजी स्कूलों एवं नर्सिंग कालेजों में ली जा रही मनमानी फीस पर रोक लगाते हुए जिलों में कलेक्टर महोदय द्वारा फीस निर्धारण करने संबंधित ज्ञापन आयुक्त बस्तर संभाग को सौंपा गया था जिसमें उल्लेख किया गया था कि इस मांग से संबंधित ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री विधान सभा अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम पूर्व में सौंपा गया था। इस परिपेस में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी निजी स्कूलों के द्वारा ली जा रही मनमानी फीस को गंभीरता से लिया जाकर राज्य सरकार को फीस निर्धारण करने हेतु सुझाव दिया गया है।

### जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भानपुरी।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान समिति छत्तीसगढ़ योजना अनुसार ग्राम भारती जिला बस्तर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत भैया, बहनों का सर्वांगीण विकास में क्रीड़ा भी एक महत्वपूर्ण भाग है जिसमें बस्तर ज़िला संचालित 18 विद्यालय में से 12 विद्यालय के भैया बहनों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा को दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष बघेल जनपद पंचायत अध्यक्ष, विद्यालय के समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मी वैध, कोषाध्यक्ष किसन सेन, ग्राम भारती सचिव रामानुज पांडेय, समन्वयक संतोष उईके, क्रीड़ा प्रमुख सत्यम सेठिया, दामोदर कश्यप एवं सरस्वती शिशु मंदिर भानपुरी के प्रधानाचार्य रामदयाल नाग उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता के छाया चित्र के प्रतिमा पर दिप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### दुगेली मड़कापारा में हुआ सुपोषण चौपाल

**दंतेवाड़ा।** जिले के ग्राम दुगेली मड़कापारा में रजत महोत्सव के अवसर पर सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला का गोद भराई, किशोरी बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा,मासिक धर्म में स्वच्छता, खानपान, गुड टच, बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में टॉय मेकिंग कार्यक्रम किया गया है जो जिले के 1055 आंगनबाड़ी केन्द्रों में संपन्न हुआ। इस मौके पर महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य, को महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाएं उपस्थित थे।

### छात्राओं को लैंगिक अपराधों की दी जानकारी

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगपाल दरभा में बालिका सुरक्षा माह अंतगर्त बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण तैयार करने बालिका सुरक्षा माह मनाया गया। इस दौरान बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास के परामर्शदाता रंजीता देवांगन एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिता कश्यप द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगपाल दरभा में बालिका सुरक्षा माह पर छात्राओं को मिशन वात्सल्य योजनाओं की जानकारी दी एवं छात्राओं को गुड टच बेड टच,बाल विवाह मुक्त छग अभियान,पाक्सो अधिनियम लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की सुरक्षाबाल श्रम,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बच्चों को उनके अधिकारों से संबंध में जागरूक किया गया। जिससे वे जागरूक होकर अपनी एवं अन्य बच्चो की सुरक्षा कैसे कर सकती है। सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए शपथ भी दिलवाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं सहित शिक्षक व शिक्षिका शामिल थे।

## इतवारी बाजार अपडेट : करेला 30 से 40 रुपए किलो बिका

# हरी सब्जी हुई सस्ती, उपभोक्ताओं को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के बाजारों में हरी सब्जियां त्योहारी सीजन आते ही सस्ती हो गई। 50 प्रतिशत तक दाम गिरने से उपभोक्ताओं को राहत मिली रही है। सब्जी व्यवसायी तरूण सोनकर, गोलू सोनकर ने बताया कि स्थानीय आवक के साथ-साथ बाहरी आवक बढ़ जाने से हरी सब्जियों के दाम कम हुए हैं। बारिश में ज्यादा दिन तक सब्जियां पौधे में ठहर नहीं पाती इसलिए कटाई तुड़ाई बड़े पैमाने पर हो रही है। चारों तरफ से धमतरी में आवक बढ़ गई है। रेट गिर जाने से जहां ग्राहकों में प्रसन्नता है, वहीं सब्जी उत्पादक कृषकों में मायूसी है। फसल के अनुपात में मेहनताना नहीं मिल पा रही है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को त्योहारी सीजन होने के कारण महिलाओं की काफी भीड़ नजर आई। घर परिवार के लिए सब्जी खरीदने पहुंची महिलाओं में संतोष का भाव नजर आया। कम रेट में अच्छी और मनपसंद सब्जी मिलने से थैला भरकर सब्जी खरीदी।

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि रविवार को भटा, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी और मूली जैसी सब्जियां 20 रूपये किलो बिकी। लौकी 5 से 10 से रूपये किलो रही। भाजी 20 से 30 रूपये किलो या 30 का 3 बंडल रहा। डोड़का, तोराई 30 रूपये किलो बिकी। गाजर, कुंदरू व भिंडी 40 रूपये किलो रही। करेला कहीं 30 तो कहीं 40 रूपये किलो रहा। टमाटर 40-50 रूपये किलो बिका। कोचई बरबटी 50 में बिकी। ग्वारफल्ली, सेमी व प्याजभाजी 60 रूपये किलो रही। हरा धनिया, बिंस, खेखसी 200 रूपये किलो बिका।

### आलू-प्याज 25 रूपये किलो

त्योहारी सीजन में किराना सामान का रेट नहीं बढ़ने से ग्राहक संतुष्ट हैं। मसाले, तेल आयटम, दाल का रेट यथावत है। किराना व्यापारी सुरेश मीनपाल ने बताया कि रविवार को शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी बेस्ट 200, मिर्च 170, धनिया बेस्ट 120, जीरा 250, काली मिच 820, लहसुन 100, रिफाइंड तेल 125, सरसो 75, मेथी 75, राहर दाल बेस्ट 110, मूंगदाल 100, उड़द दाल 100, मसूर दाल 90, चना 75, काबुली 100, मटर सफेद 60, मटर हरा 10, चना दाल 90, पोहा 45, मसूर खड़ा 80 रूपये किलो बिका। अंडा 75 रूपये दर्जन रहा।

## सिलौटी स्कूल में पोला पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का लोक परब पोला हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान शिव का अभिषेक कर व मिट्टी के बैल की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संतोष कुमार जैन पोला पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व अच्छी फसल की कामना के साथ प्रतिवर्ष भाद्रपद पक्ष के अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन विशेषकर बैलों की पूजा की जाती है। उन्हें सजाया जाता है। उनका श्रृंगार किया जाता है। इस पर्व में गांवों में पारम्परिक खेल व लोकगीत का आयोजन होता है। मौके पर प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके ध्रुव, सीपी साहू, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, एनके साहू, एचके साहू, भोजराम साहू उपस्थित थे।

# सिविल अस्पताल में 95 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



ब्रम्हाकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 18वें पुण्य स्मृति दिवस पर पूरे भारतवर्ष में विशाल रक्तदान अभियान चलाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में ब्रम्हाकुमारीज और सिविल अस्पताल कुरूद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 95 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान इस कार्य में सहभागी बने सभी रक्तदाताओं एवं सामाजिकजनों व डॉक्टरों व कर्मचारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि नभसिंह कोशले एसडीएम कुरूद, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, भानु चंद्राकर अध्यक्ष वंदे मातरम समिति, देवव्रत साहू नपं उपाध्यक्ष, डॉ. हेमराज देवांगन खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्रम्हाकुमारीज सुनीता ने बताया कि दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति पर पूरे भारतवर्ष में एक लाख यूनिट रक्तदान कर गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर मानवता की सेवा को यह स्मृति दिवस समर्पित करना चाहते हैं।

दादीजी का जीवन विश्व कल्याण के लिए समर्पित रहा और इस संस्था को विश्व स्तर तक ले जाने में उनका अनुपम योगदान रहा। ब्रम्हाकुमारीज का यह संकल्प है कि रक्तदान से अनेक आत्माओं को जीवनदान दिया जा सकता है। वंदेमातरम परिवार प्रमुख भानु चद्राकर ने ब्रम्हाकुमारीज की सेवाओं को सराहा और अपना अनुभव बताया कि कुरूद के अंदर रक्तदान शिविर आयोजन की शुरुआत करने में उनका अहम



योगदान रहा है और वंदे मातरम समिति उसमें सदैव अग्रसर रही है। आज भी हम गांव-गांव में जाकर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं।

## ऋतुराज फाउंडेशन एवं मराठा समाज ने किया शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित

# एमएमआई हॉस्पिटल से पहुंचे चिकित्सकों ने किया मरीजों का इलाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय मराठा मंगल भवन में ऋतुराज फाउंडेशन एवं मराठा समाज द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, महापौर रामू रोहरा, विवेकानंद वार्ड की पार्षद विभा चंद्राकर ने किया। शिविर में एमएमआई हॉस्पिटल से पहुंचे डॉ सुनील गौनियाल हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ अभिषेक जैन पेट लिवर एवं आंत रोग विशेषज्ञ, डॉ पंकज पटेल हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉ आकांक्षा चीखलिकर स्त्री एवं स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ अखिलेश साहू कैंसर रोग विशेषज्ञ ने सेवाएं दीं।

शिविर के लिए करीब 250 लोगों ने पंजीयन कराया था। डॉक्टरों ने इलाज के बाद मरीजों को जांच निरंतर जारी और दवाई खाने की सलाह दी है। शिविर का लाभ लेने पहुंचे लोगों ने बताया कि उन्हें काफी अच्छा परामर्श मिला। धमतरी में बड़े डॉक्टर आने से रायपुर आने जाने का खर्च व समय की बचत हुई है। डॉ सुनील गौनियाल हृदय रोग विशेषज्ञ ने बताया शिविर में एमएमआई अस्पताल से डॉक्टरों की टीम पहुंची थी। शिविर में हर तरह के मरीज को देखा गया है। ऐसे कुछ लोग भी थे जिनको हार्ट लक्षण का पता शिविर में आकर चला है। इंस्टिगेशन और दवाई के बारे में बताया गया।

डॉ आकांक्षा चिखलाकर ने बताया कि शिविर में महिलाओं ने खुलकर डॉक्टर को अपनी समस्याओं बताई। डॉ अभिषेक जैन ने बताया कि लोग बड़े शहरों में अपना इलाज नहीं करा सकते या खर्च वहन नहीं कर पाते। उन्हें शिविर का काफी फायदा हुआ है।

मराठा समाज के जिला अध्यक्ष दीपक लोंढे ने बताया कि शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं परामर्श केंद्र का लाभ लेने पहुंचे थे। 6 डॉक्टर ने इस परामर्श केंद्र में अपनी सेवाएं दी हैं। जीजा माता महिला मंडल मराठा की जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाज की महिलाओं ने भी शिविर में सहयोग के लिए हाथ बंटाया है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि जिन डॉक्टरों का समय लेना पड़ता है, उन डॉक्टरों ने धमतरी में आकर सेवा दी है। इसके लिए ऋतुराज फाउंडेशन की पहल सहरानीय है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि इस तरह का शिविर का आयोजन सभी समाजजनों को करना चाहिए। लोग कार्डियोलॉजिस्ट को इग्नोर करते हैं, लोगों के पास पैसे भी नहीं होते। उनके लिए यह शिविर वरदान है।

# आंबा कार्यकर्ताओं को पोषण भी, पढ़ाई भी पर दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एकीकृत बाल विकास योजना द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पोषण भी, पढ़ाई भी विषय पर महाराणा प्रताप भवन धमतरी में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 18 से 20 अगस्त तक चला।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास की निगम सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण वर्ग बच्चे और माताओं के स्वास्थ्य व शिक्षा की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर है। यदि हर बच्चा स्वस्थ और पढ़ा-लिखा होगा तो निश्चित ही समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होगा।

श्रीमती विभा चंद्राकर ने आगे कहा कि पोषण और शिक्षा का आपस में गहरा संबंध है। कुपोषण दूर करना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना ही वास्तविक सेवा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यह दायित्व ईमानदारी व समर्पण से निभाना होगा। इस अवसर पर प्रशिक्षण सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मिलित हुईं।

# समाज के पुश्तैनी व्यवसाय को अन्य जाति के अपनाने पर प्रस्ताव पारित

- छत्तीसगढ़ प्रांत नाई समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज की बैठक रायपुर के रजबन्धा मैदान बीजेपी कार्यालय के पास स्थित मयाराम सुरजन लोकायन हाल में हुई जिसमें संगठनात्मक, सेलून व्यवसाय, वाट्सअप पर अमर्यादित बयानबाजी, प्रदेश व विभिन्न प्रकोष्ठों के निष्क्रिय पदाधिकारियों, सेन धाम एवं पंजीयन, समाज की प्रांतव्यापी संविधान, बैंक खाता, आर्थिक सुदृढ़ता सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सर्व सेन समाज के जिला अध्यक्ष धनसिंह सेन ने कहा कि समाज के पुश्तैनी व्यवसाय में अन्य जाति, समुदाय द्वारा सेलून दुकान खोलकर सेन समाज के युवाओं को कारीगर के रूप में कार्य कराया जा रहा है। इसे रोकने धमतरी जिला ने प्रस्ताव पारित किया है। वहीं प्रांतीय पदाधिकारियों ने इस पर चिंता जताते हुए प्रदेश स्तर पर भी कार्यवाही करने तथा जिला व सेलून संघ के साथ मिलकर आवश्यक पहल करने कहा। वाट्सअप पर व्यक्तिगत व सामाजिक रूप से अमर्यादित व असंसदीय बयानबाजी व कमेंट्स पर निर्णय लिया गया कि अब ऐसा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा कृत्य करने वालों पर सामाजिक और कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा कर सामाजिक संगठन को पार फिरका से ऊपर उठकर मजबूत बनाने की बात कही गई। केश कला बोर्ड के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक में प्रांताध्यक्ष पुनितराम सेन, प्रदेश संयोजक गौरीशंकर श्रीवास, केशकला बोर्ड के अध्यक्ष नन्दकुमार सेन, महासचिव रुद्र कुमार सेन, उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास, सचिव भुवन लाल कौशिक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मोना सेन, लक्ष्मीनारायण सेन, सम्भाग प्रभारी अमित श्रीवास बिलासपुर, खिलावन श्रीवास, धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष धमतरी, धमतरी से प्रदेश प्रतिनिधि रामगोपाल सेन, संरक्षक मोहित सेन, जिला सचिव भगवानी राम शांडिल्य, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सेन समेत विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महापौर ने अस्पताल में भर्ती सुनीता का हाल-चाल जाना



- मकान के अचानक भरभराकर गिरने से घायल हुई महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लगातार हो रही बारिश से सोमवार को शीतलापारा वार्ड निवासी सुनीता नेताम का मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। हादसे के समय सुनीता नेताम अपनी बेटी के साथ घर में मौजूद थी। मलबे की चपेट में आने से सुनीता घायल हो गई। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

सूचना मिलते ही नगर निगम महापौर रामू रोहरा जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सुनीता नेताम का हालचाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि ऐसे संकट की घड़ी में नगर निगम पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। सुनीता नेताम की बेटी ने कहा कि अचानक हादसा हो गया, मम्मी को चोट लगी लेकिन समय पर अस्पताल पहुंचा दिए जाने से अब हालत सुधर रही है। महापौर स्वयं हालचाल जानने आए, इससे हमें हिम्मत मिली। इस अवसर पर जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित भी मौजूद रहे।

## होमस्टे और दुकानों से बढ़ेगा रोजगार, पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

# सोंढूर डेम का ईको पार्क बनेगा आकर्षण का केंद्र : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी/नगरी।

जिले में पर्यटन को लेकर प्रशासन लगातार नए प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में नगरी विकासखंड स्थित सोंढूर डेम का ईको पार्क अब और आकर्षक रूप में विकसित होगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने यहां पहुंचकर पार्क का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के आईएफएस ऑफिसर वरूण जैन, एसडीएम नगरी सुश्री प्रीति दुर्गम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह इलाका प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और यहां



पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि गांव आपका है, आप सब मिलकर इसे संवारें, ताकि यह स्थल पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने सुझाव दिया कि गांव में एक पर्यटक समिति का गठन किया जाए, जो पार्क के रख-रखाव और



आसपास के क्षेत्र के विकास में सहयोग करे। कलेक्टर ने पार्क में सौंदर्यीकरण, बोटिंग सुविधा, पक्षियों और जानवरों की फोटोग्राफी व्यवस्था, बेहतर सड़कों का निर्माण तथा सड़कों के किनारे फूलदार पौधों के रोपण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित न रहे, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार उपलब्ध हो। इसके लिए उन्होंने होमस्टे व्यवस्था और छोटे-छोटे दुकानों की शुरुआत करने का सुझाव दिया। इससे एक ओर जहां ग्रामीणों की आमदनी बढ़ेगी, वहीं पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव भी मिलेगा।

श्री मिश्रा ने बताया कि ईको पार्क के विकास से धमतरी जिले का पर्यटन मानचित्र और विस्तृत होगा। यह न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक नया पर्यटन आकर्षण बनेगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि यहां आने वाले हर पर्यटक को प्राकृतिक सौंदर्य, ग्रामीण संस्कृति और बेहतर सुविधाओं का अनुभव मिले। सोंढूर डेम का ईको पार्क धमतरी जिले की पहचान बन सकता है। प्रशासन और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से यह क्षेत्र पर्यटन और आजीविका दोनों दृष्टि से विकास का नया अध्याय लिखेगा। यह पहल जिले में पर्यटन को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# दिव्यांगों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू को उनके दिव्यांगों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने तथा प्रेरणा जनकल्याण समिति के संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई का दिव्यांगजनों को स्वावलंबन बनाने के क्षेत्र में कार्य करने पर स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पाण्डेय की अनुशंसा पर जिलाधीश का हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, महेश साहू, आशीष शर्मा, मनीषा पाण्डे, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, संतोषी, सुलोचना, सुलेखा अली, शिवचरण तथा डॉ. पोषण सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व मना

**धमतरी।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व प्रातः चार बजे फूलों की बरखा के साथ मनाया गया। तत्पश्चात कीर्तन भजन हुआ।

### किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 26 को

**नगरी।** किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 26 अगस्त मंगलवार को दोपहर 12 बजे ग्राम बांधा के बाजार चौक रखी गई है। बैठक में नये पदाधिकारियों के चुनाव, नहर नाली की मांग पर विशेष चर्चा की जायेगी।

### जुनवानी जंगल में दबिश छह जुआरी गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने 23 अगस्त को शाम 5 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम जुनवानी के जंगल में जुआ खेल रहें जुआरी 23 वर्षीय दिनू कोर्राम पिता अमर कोर्राम, 42 वर्षीय संजय कोर्राम पिता चरण कोर्राम, 49 वर्षीय प्रकाश कावड़े स्व. श्यामन सिंह कावड़े, 22 वर्षीय किशन जैन पिता स्व. शत्रुधन सिंह जैन और 54 वर्षीय नंद कुमार सिन्हा पिता स्व. तीजूरान सिन्हा सभी ग्राम जुनवानी निवासी को पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते, एक प्लास्टिक बोरी कुल नगदी रकम 1 हजार 70 रूपएं को जप्त कर धारा 3 (2) छग जुआ प्रतिषेध अधि 2022 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाने से युवक की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत 20 वर्षीय सुखयारिन कुमेटी का इलाज के दौरान 1 मई को सुबह साढ़े 10 बजें मौत हो गया। जिला अस्पताल नारायणपुर के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### ग्राम की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखई के अंतर्गत ग्राम सुखई में महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए सहभागी समाजसेवी संस्था के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण हाई इमपेक्ट मेगा वाटरसेड परियोजना वाटर सेट उन्मुखीकरण व आजीविका प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्राम सुखई के महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ग्रामीण महिलाओं को मुर्गी पालन, मछली पालान, लाख पालन पशु पालन करने का आजीविका प्रसिक्षण दिया गया एवं समूह के महिलाओ ने बड़ चढ़ कर भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक नवीन कुमार राजन के द्वारा दिया गया।

### विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का जाना हाल

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव क्षेत्र के दौरा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र नयापारा आड़ावाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानकर उनके कार्य के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। देव ने कहा समाज की नींव मजबूत करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके अथक प्रयास से बच्चों और माताओं का भविष्य सुरक्षित व बेहतर होता है। उनके साथ नीचे बैठकर काफी समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से चर्चा किया।

36 घंटे उपवास रखकर बुधवार को तोड़ेंगी व्रत

# तीज व्रत के लिए मायके पहुंचीं महिलाएं आज करूभात खाकर रहेंगी उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तीज छत्तीसगढ़ राज्य का पारम्परिक एवं लोक पर्व है। इसे छत्तीसगढ़ सहित राज्य के सीमावर्ती इलाकों में मनाया जाता है। धमतरी अंचल में तीज पर्व की धूम है। सुहागिन महिलाओं का एक सप्ताह पूर्व से ही तीज व्रत के लिए मायका आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है, जो सोमवार करूभात तक चलेगा।

महिलाएं आज सोमवार को सुबह स्नान पश्चात पूजा-पाठ करके शाकाहार ग्रहण करेंगी। शाम को आरती पूजा के बाद करेले की सब्जी और चावल जिसे आंचलिक भाषा या बोली में करूभात कहते है, परिवार सहित खाने के बाद उपवास का संकल्प लेंगी। मंगलवार दिन-रात रहकर बुधवार को व्रत तोड़ेंगी। कुछ महिलाएं निर्जला व्रत का संकल्प लेती हैं तो कुछ हल्का फलाहार कर रेस्ट लेती हैं, लेकिन व्रत की अवधि 36 घंटे रहती है।

### आसानी से मिल गई बस

जगदलपुर जाने वाली महिलाएं विभा सोनी, तरूणा चंद्राकर, हेमा साहू धमतरी में सर्विस करती है। मायका जगदलपुर है। आज छुट्टी का दिन है। तीजा मनाने मायके जा रही है। मंगलवार को उपवास रहेंगी। बुधवार को फलाहार करके वापस ड्यूटी लौटेंगी। बसों की संख्या बढ़ने से उन्हें आसानी से बस मिल गई। सीट मिलने से सुकून से यात्रा कर सकेंगी।



### बसों में भीड़ बढ़ी, फेरे भी बढ़े

धमतरी से रायपुर, जगदलपुर, बालोद, दुर्ग, गरियाबंद, सिहावा, नगरी, कंडेल, खरेंगा, दोनर देवरी, गंगरेल, रूद्री आदि के लिए वाहन की व्यवस्था बस संचालकों द्वारा की गई है। तीज पर भीड़ बढ़ने से बसों की संख्या बढ़ी। फेरे भी बढ़ गए। फिर भी यात्री की संख्या कम नहीं हुई। सभी बसो में खासकर महिलाएं और बच्चे सवारी के रूप में बैठे थे। बस संचालक महावीर गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए बसों की संख्या बढ़ाई गई है, फेरे भी बढ़ गए हैं। यात्रियों को सहूलियत हो रही है।

### सुहाग, बच्चों की सलामती की प्रार्थना करेंगी

व्रती महिलाएं लता साहू, लीना साहू, सरस्वती साहू, रजनी विश्वकर्मा, कुमारीबाई सोनकर, भगवती सोनकर, लक्ष्मी सोनकर आदि का कहना है कि हर साल मायका आकर तीज का व्रत रखती है। 36 घंटे उपवास करके घर-परिवार, सुहाग, बच्चों की सलामती का आशीर्वाद लेती हैं। उपवास रहते उन्हें 26 साल हो गया है। कुछ महिलाएं किसी कारणवश मायका नहीं जा पाती वे अपने ससुराल में सास, बहनोई, ननद, भाभी के साथ उपवास रखती हैं। ससुराल में उपवास रखने के बाद भी मायका से वस्त्र, कपड़ा, साड़ी, छग व्यंजन, फलाहार, गिफ्ट पिता या भाई पहुंचाते हैं।

### करेला 30-40 रुपए किलो बिका

अमूमन तीज व्रत पर करेला 60 से लेकर 100 रुपए किलो तक बिकता था। इस बार 40 रुपए किलो बिक रहा है। कुछ स्थानों पर 10 रुपए भाग में भी मिल रहा है, जिसका वजन 500 ग्राम है। सप्ताह भर पहले ही करेला 60 से 80 रुपए किलो बिक रहा था।

# अखिलेश कुकरेल ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुकरेल के ब्लाक प्रभारी नीशु चन्द्राकर के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर अखिलेश दुबे को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। मौके पर सिहावा विधायक, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, नोहर सिंह ध्रुव, करण चंद्राकर, चन्द्रकला नेताम पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, नीरज साहू, कमलनारायण सिन्हा, रोहित मानिकपुरी, यालेश सिन्हा, धनीराम साहू, मनराखन निषाद, उत्तम यादव समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री रामविचार को अतिरिक्त प्रभार मिलने पर हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अजजा संघ ने रामविचार नेताम को मछली पालन एवं पशुधन विकास विभाग के मंत्री के रूप में अतिरिक्त प्रभार मिलने पर खुशी जाहिर की है। हर्ष व्यक्त करने वालों में

आरएन ध्रुव राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गोंड महासभा, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव, डीडी मांझी सामाजिक प्रमुख, टामेश्वर ठाकुर प्रांतीय सदस्य शामिल हैं।

# नेशनल लोक अदालत में निपटेंगे कई मामले

- 13 सितंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रामकुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 13 सितंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत को लेकर जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं न्यायाधीशगणों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी, श्रीमती उषा गेंदले, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नमिता मिंज भास्कर, सचिव श्रीमती नेहा उसेन्डी, पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंद्रा नवीन सिंह, पीडब्लूडी के अधिकारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बताया कि 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी।

इस तारतम्य में जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद, व्यवहार न्यायालय नगरी में भी लोग अदालत की खण्डपीठ बनेगी। राजस्व न्यायालयों में भी लोक अदालत की खण्डपीठ बनेगी जिसमें राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

कुटुम्ब न्यायालय में परिवार संबंधी मामलों का निराकरण किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि न्यायालयों में लंबित मामलों के अतिरिक्त बीमा संस्था, बैंक, विद्युत सेवा, दूर संचार सेवा से संबंधित मामलों का भी निराकरण नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के रूप में किया जायेगा।

न्यायालय में लंबित मामले सिविलवाद, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामले, दावा दुर्घटना, श्रम न्यायालय में लंबित मामले का निराकरण किया जायेगा।

धारा 138 अंतर्गत चेक बाउंस के मामले, धन वसूलीवादों में यदि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से याद का निराकरण किया जाता है तो न्यायालय शुल्क की वापसी होगी।



### पंडालों में स्थापित करने गणेश प्रतिमा ले जाने का सिलसिला शुरू

**धमतरी।** बुधवार को गणेश चतुर्थी है। इस दिन भक्तगण गणेशजी की प्रतिमाएं पंडालों एवं घरों में स्थापित कर आगामी 11 दिनों तक विधि-विधान से पूजापाठ करेंगे। 11वें दिन विसर्जन करेंगे। चूंकि गणेश स्थापना के लिए दो दिन समय है। इससे पहले भी भक्तगण मूर्तिकारों से गणेश प्रतिमा लेकर वाहनों में सवार करके बाजे-गाजे, आतिशबाजी के साथ पंडालों तक ले जा रहे हैं। यह सिलसिला बुधवार तक चलेगा।

### बारिश से गिरा गरीब का आशियाना

**अंवरी।** 22 अगस्त शुक्रवार को रात्रि 8 बजे तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से ग्राम बगौद निवासी गायत्री बाई डहरे पति तोरण लाल डहरे वार्ड क्रमांक 18 का खपरैल वाला वाला कच्चा मकान ढह गया। गायत्री डहरे ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

# परसुली के सतनामीपारा में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत परसुली के सतनामीपारा में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग के सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी ने की है। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ वार्डों में आए दिन बिजली बंद हो जाती है जिसे मिस्त्री बुलाकर सुधारा जाता हैं किन्तु रात में बिजली बंद होने से रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सुशासन तिहार के समय भी अधिकारी को आवेदन दिया गया था फिर भी आज तक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया। ट्रांसफार्मर लगाने पोल गड़ा हुआ है। इस विषय पर क्षेत्र के लाइनमन को अवगत कराने पर अधिकारी के आदेश पर ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। ग्रामीणों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर लगाने की मांग संबंधित उच्चाधिकारी से की है। अन्यथा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिनकी जवाबदारी खुद विभाग की होगी।



# मिनी एवं जूनियर बालिका हॉकी टीम सलोनी रही उपविजेता



- संभाग स्तरीय हॉकी चयन प्रतियोगिता रायपुर में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शालेय खेलकूद अंतर्गत संभाग स्तरीय हॉकी चयन प्रतियोगिता सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हाकी स्टेडियम साइंस कॉलेज रायपुर में हुई जिसमें रायपुर संभाग के पांच जिला धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार एवं रायपुर के हॉकी खिलाड़ी ने भाग लिया। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में धमतरी एवं रायपुर की बालिका हॉकी टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। रायपुर विजेता एवं सलोनी धमतरी की टीम उपविजेता रही।

धमतरी की टीम में हिमांशी नेताम, देविका ध्रुव, क्षमा साहू, नम्रता साहू, नेहा साहू, नंदिनी साहू, क्षमा मानिकपुरी, दीप्ति साहू, इंद्राणी साहू, दुर्गेश्वरी कंवर, रितु साहू एवं युवरानी साहू शामिल रही। इसी प्रकार 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में धमतरी की बालिका टीम उपविजेता रही। इस टीम में कुमारी होमिन ध्रुव, हिना साहू, ऐश्वर्या यादव, हेमलता साहू, वैष्णवी नागेश, रेणुका निषाद, रोशनी निषाद, देविका ध्रुव, रेशमा, भारती ध्रुव, ललिता यादव ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर सहायक जिला खेल अधिकारी हरीश देवांगन, प्रदीप सिन्हा, संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार श्रीवास, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जेआर नेताम समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का किया आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रादेशिक संगठन का विस्तार हुआ जिसमें आलोक ठाकुर को किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। जिला भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक में श्री ठाकुर का जोरदार स्वागत किया।

आलोक ठाकुर से अध्यक्ष भाजपा जिला प्रकाश बैस ने सभी कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। श्री ठाकुर ने स्वागत सम्मान के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा के साथ काम करें। पार्टी किसे कौन सी जिम्मेदारी देगी इसका भाजपा में किसी को अंदाजा नहीं होता। अचानक सेवा का अवसर मिल जाता है, जिस प्रकार आज मुझे मिला हुआ है।

स्वागत करने वालों में प्रकाश बैस, महेंद्र पंडित, राकेश साहू, रोहिताष मिश्रा, शशि पवार, विजय साहू, विजय मोटवानी, दीपेंद्र साहू, बालाराम साहू, हेमंत साहू, वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू, अंगिरा ध्रुव, बीथिका विश्वास, नम्रता पवार, दमयंती साहू, रीता, अमित अग्रवाल, अमन राव, मुरारी यदु, दिलीप पटेल, उमेश साहू आदि उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा में सशिमं का दबदबा

**धमतरी।** संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सोरम में हुआ, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। 50 मीटर दौड़ में कक्षा चौथी के पुष्पेन्द्र ने पहला स्थान पाया। पुष्पेन्द्र ने 200 मीटर दौड़, लंबी कूद में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। उंची कूद, 100 मीटर दौड़ में पांचवीं के दानेश ने पहला स्थान पाया। बोरा दौड़, गेड़ी दौड़ में दुष्यंत पहले स्थान पर रहा। फुगड़ी में रूपाली द्वितीय, रस्सीकूद और कुर्सी दौड़ में टिंकल द्वितीय रही। रेलेरेस में दुष्यंत, दानेश, पुष्पेन्द्र, लक्ष्य की टीम पहले स्थान पर रही।

# सार्थक स्कूल के बच्चों ने मनाया पोला तिहार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की परंपरागत संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार पोला सार्थक स्कूल में उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मिट्टी से बने नांदिया बैल की पूजा की और जोड़ी बनाकर बैलों की दौड़ भी लगाई। लड़कियों ने चुकी पोरा की परंपरा निभाते हुए गुलगुला और अनरसा रखा तथा सबको खिलाया। बच्चों ने पोरा गीतों पर नृत्य कर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, काजल रजक और सुनैना गोड़े का सहयोग रहा।















